हरिभूमि
भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, गुरुवार 22 अक्टूबर 2026

11 सरकारी खरीद में किसानों को हो रही परेशानी को...



12 एचईआरसी के आदेशों की प्रतियां फूंक इलेवन ...



वर्धमान ज्वैलर्स
विशेष आकर्षण
Triveni DENTAL
करवाचौथ स्पेशल
ज्वैलरी प्रदर्शनी एवं पायल उत्सव
22-28 अक्टूबर 2026
जीतिए लाखों के इनाम!
खरीदारी अनिवार्य नहीं • सुनिश्चित उपहार • गेम्स • जलपान
पायल • 22 कैरेट गोल्ड • डायमंड • लैब-ग्रोन डायमंड • फेस्टिव गिफ्टिंग
इस बार आपके अपने
घंटा घर बाज़ार
शोरूम, भिवानी में
संपर्क: 9215656444



खबर संक्षेप

सांवड़ में बाबा बिल्ली वाले डेरे में भंडारा 26 को

चरखी दादरी। सांवड़ में झिंझर रोड स्थित पाना मालपिलान के बाबा बिल्ली वाले डेरे पर 26 अक्टूबर को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की पूर्व संध्या पर 25 अक्टूबर की रात भजन-कीर्तन होगा। गोबिन्द चौहान ने बताया कि 26 अक्टूबर को सुबह 10 बजे यज्ञ कर जनकल्याण और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की जाएगी। इसके बाद 21 कन्याओं और साधु-संतों को भोजन करवाया जाएगा। तत्पश्चात श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का प्रसाद वितरित किया जाएगा। इस अवसर पर रागिनी प्रतियोगिता भी करवाई जाएगी।

कष्ट निवारण समिति की बैठक 27 को

चरखी दादरी। जिला लोकसंपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक 27 अक्टूबर को दोपहर 3:30 बजे होगी। बैठक की अध्यक्षता सहकारिता एवं जेल मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा करेंगे। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि बैठक में कुल 11 परिवाद सुनवाई के लिए रखे जाएंगे, जिनमें नौ पुराने और दो नए परिवाद शामिल हैं। बैठक के दौरान संबंधित मामलों पर विचार-विमर्श कर उनके निस्तारण की दिशा में कार्रवाई की जाएगी। डीसी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे बैठक के लिए आवश्यक तैयारियां पूरी कर लें। उन्होंने अधिकारियों को विभाग से संबंधित मामलों की पूरी जानकारी और आवश्यक रिकॉर्ड के साथ निर्धारित समय पर बैठक में पहुंचने को कहा है, ताकि परिवादों की सुनवाई की प्रक्रिया सुचारू रूप से पूरी की जा सके।

गंदे पानी से वाहन चालक, राहगीर व मजदूर परेशान, महामारी फैलने का अंदेशा

औद्योगिक क्षेत्र सेक्टर 21 व 26 में सीवरेज व्यवस्था ठप, सड़कों पर बह रहा गंदा पानी

सीवरेज के मैनहोल के ढक्कन टूटे और लाइनें कचरे से हो चुकी हैं जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शहर के औद्योगिक क्षेत्र सेक्टर 21 व 26 में सीवरेज व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो गई है। पिछले कई दिनों से सीवर लाइन ओवरफ्लो होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे आवागमन करने वाले वाहन चालकों, राहगीरों और फैक्ट्रियों में काम करने वाले हजारों मजदूरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गंदे पानी से उठ रही दुर्गंध एवं मच्छरों के प्रकोप से स्थानीय लोगों में महामारी फैलने का अंदेशा बना हुआ है।

उल्लेखनीय हैं कि सेक्टर-21 की मुख्य सड़क और सेक्टर-26 को जोड़ने वाली अंदरूनी सड़कों पर स्थिति सबसे ज्यादा खराब है। कई जगह तो सड़क पर एक-डेढ़ फीट तक सीवर का गंदा पानी भरा हुआ है। इस पानी में से होकर बड़े-बड़े ट्रक, ट्रैक्टर और बाइक निकालने को मजबूर हैं। कई बार बाइक सवार फिसलकर गिर भी चुके हैं। पैदल चलने वाले मजदूरों को तो पानी में से होकर फैक्ट्री जाना पड़ रहा है। यहां काम करने वाले मजदूर राजेश, सुनील व श्याम ने बताया कि उन्होंने इस बारे में कई बार जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी, हुडा विभाग व नगर परिषद को शिकायत दी है, लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। सीवरेज के मैनहोल के ढक्कन भी टूटे पड़े हैं और लाइनें कचरे से जाम हो चुकी हैं। औद्योगिक क्षेत्र में सैकड़ों की संख्या में छोटी-बड़ी फैक्ट्रियां हैं। सड़कों पर गंदा पानी भरा होने से बाहर से आने वाले ग्राहक और कच्चा माल लेकर आने वाले वाहन फैक्ट्रियों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि गंदे पानी की वजह से उनके तैयार माल को भी नुकसान पहुंच रहा है। ट्रांसपोर्टरों ने रास्ते से आना-जाना कम कर दिया है, जिससे उन्हें अतिरिक्त किराया देना पड़ रहा है। इसके साथ ही सबसे बड़ी चिंता स्वास्थ्य को लेकर बनी हुई है। खुले में बह रहे सीवर के पानी से चारों तरफ बदबू फैली हुई है। इस गंदे पानी में मक्खी व मच्छर पनप रहे हैं। डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारियां फैलने का खतरा मंडरा रहा है। यहां काम करने वाली महिला मजदूरों को सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है। फैक्ट्रियों के आसपास खाने-पीने की रेहड़ियां लगती हैं, जिन पर मक्खियां भिनभिना रही हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि अगर जल्द ही सीवरेज लाइन की सफाई और मरम्मत नहीं हुई तो स्थिति महामारी का रूप ले सकती है।





भिवानी। औद्योगिक क्षेत्र में मिनी बाइपास के साथ सर्विस रोड पर जमा सीवरेज का गंदा पानी। फोटो : हरिभूमि

हुडा व प्रशासन की लापरवाही का नजीता भुगत रहे व्यापारी-मजदूर

औद्योगिक क्षेत्र में हरियाणा अर्बन डेवलेपमेंट अथॉरिटी के द्वारा सीवरेज का रख रखाव किया जाता हैं, लेकिन लंबे समय से हुडा व जिला प्रशासन के अधिकारियों की अनदेखी व लापरवाही के कारण क्षेत्र की सीवरेज व्यवस्था पूरी तरह से ठप पड़ी हैं। जगह-जगह सीवरेज के मैनहॉल जाम होने के कारण ओवरफ्लो हो रहे हैं और सड़कों पर गंदा पानी जमा हो रहा हैं, जिससे राहगीरों, मजदूरों व वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। वहीं महामारी फैलने का भी अंदेशा हैं।

फैक्ट्रियों और उद्योगों में एसटीपी का प्रयोग नहीं हो रहा

फैक्ट्रियों और उद्योगों में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का मुख्य कार्य कारखाने से निकलने वाले गंदे और प्रदूषित पानी को साफ करके पर्यावरण के अनुकूल और दोबारा उपयोग के योग्य बनाना होता है। एसटीपी से स्क्रीन एवं ग्रिट चैंबर के माध्यम से गंदे पानी से प्लास्टिक, कागज, कपड़े के टुकड़े आदि को बाहर निकाला जाता है। वहीं पानी को बड़े सेटलिंग टैंकों में भेजा जाता है, जहां भारी ठोस कण नीचे बैठ जाते हैं और हल्के तेल व ग्रीस ऊपर तैरने लगते हैं, जिन्हें अलग कर लिया जाता है।

भाजपा मजदूर प्रकोष्ठ के सहसंयोजक उठा चुके समस्या

भाजपा मजदूर प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक भगवानदास कालिया ने रिहायशी व औद्योगिक सेक्टरों में सीवर ओवरफ्लो की गंभीर समस्याओं को लेकर समाधान शिविर में अधिकारियों को लिखित शिकायत भी दे चुके और सख्त कार्रवाई की मांग भी की है। इसके बावजूद सेक्टर 21 व 26 में सीवर के ओवरफ्लो होने तथा नालों के बंद रहने की समस्या बनी हुई है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में दुर्गंध व मक्खी मच्छर पनप रहे हैं, जिससे संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका बढ़ती जा रही है।



भिवानी। कार्रवाई की मांग को लेकर धरने पर बैठे हुए। फोटो : हरिभूमि

नवजात की मौत पर परिजन और सामाजिक संगठनों ने दिया धरना

- दोषी डॉक्टर-स्टाफ पर कार्रवाई की मांग
- जच्चा-बच्चा वार्ड के बेड पर प्रसव के बाद नवजात की मौत अस्पताल प्रशासन की लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

चौ. बंसीलाल नागरिक अस्पताल में जच्चा-बच्चा वार्ड के बैड पर प्रसव के बाद हुई नवजात शिशु की मौत का मामला अब गरमा गया है। चिकित्सकों पर भारी लापरवाही और अनदेखी का आरोप लगाते हुए मृतक नवजात के परिजनों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने अस्पताल परिसर में बुधवार को धरना दिया। परिजनों ने बच्चे के शव का पोस्टमार्टम होने के बावजूद उसे लेने से साफ मना कर दिया है और अस्पताल परिसर में न्याय की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया है।

बैंक कॉलोनी निवासी पीड़ित पिता कुलदीप ने बताया कि उनकी पत्नी संतोष देवी को चौथी डिलीवरी के लिए शुक्रवार को नागरिक अस्पताल लाया गया था। शाम करीब 4 बजे जच्चा-बच्चा वार्ड के बेड पर ही उन्हें तेज प्रसव पीड़ा हुई। आरोप है कि ऑन-ड्यूटी चिकित्सकों और स्टाफ ने न तो प्रसव की ओर ध्यान दिया और न ही महिला को समय रहते लेबर रूम में शिफ्ट किया। देखभाल के अभाव में बेड पर ही नवजात बच्चे का जन्म हुआ और कुछ ही देर बाद उसकी सांसें थम गईं। कुलदीप का कहना है कि तीन बेटियों के बाद परिवार में बेटे के जन्म को लेकर अपार खुशी थी। जिस 21 अक्टूबर को बच्चे की छठी का उत्सव धूमधाम से मनाया जाना था, उसी दिन अस्पताल प्रशासन की गंभीर लापरवाही के कारण परिवार को धरने पर बैठने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। धरनारत लोगों ने मांग की कि ड्यूटी पर तैनात दोषी चिकित्सकों और स्टाफ कर्मचारियों के खिलाफ कानूनी व प्रशासनिक कार्रवाई की जाए। धरने में किसान सभा के ब्लाक सचिव करतार ग्रेवाल , सुमेर सांगवान , जेजेपी के प्रदेश महासचिव प्रदीप गोयल , सोनू परमार जिला अध्यक्ष करणी सेना , सन्दीप , लोकेश , निशांत , नीरज , राजेश , नवीन आदि मौजूद रहे।

पांच गांवों की पंचायत ने मांगा मृतकों के आश्रितों के लिए 20-20 लाख का मुआवजा

- लापरवाही व ओवरस्पीड से पलटी थी निजी बस, 3 यात्रियों की गई थी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

प्रेमनगर में बीबीएमबी के पास हुए दर्दनाक बस हादसे में तीन लोगों की मौत के बाद पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने के लिए पांच गांवों की पंचायतें एकजुट हो गई हैं। बुधवार को ग्रामीणों एवं पंचायत प्रतिनिधियों के संयुक्त शिष्टमंडल ने उपायुक्त से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और मृतकों के आश्रितों को कम से कम 20-20 लाख रुपये मुआवजा देने की मांग की।

ग्रामीणों ने बताया कि निजी परमिट बस चालक की कथित लापरवाही और तेज गति के कारण बस पलट गई थी, जिसमें प्रेमनगर, लुहारी जाटू और हांसी के एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे से प्रभावित परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। मंगलवार को जाटू लुहारी में आयोजित पंचायत में दुर्घटनाग्रस्त बस का परमिट रद्द करने, निर्धारित स्टॉपेज पर बसें रोकने, सर्विस रोड से बसों का संचालन कराने और यात्रियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित करने की मांग भी उठाई गई। उपायुक्त ने मांगों पर सकारात्मक रुख दिखाया। प्रतिनिधिमंडल में विभिन्न गांवों के सरपंच, जिला परिषद पार्षद और ग्रामीण शामिल रहे।



भिवानी। कार्रवाई व आर्थिक मदद की मांग को लेकर उपायुक्त से मिलने जाते पांच गांवों की पंचायत।

हेरोइन बेचने की फिराक में खड़ी महिला को किया गिरफ्तार

भिवानी। पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सैल भिवानी की टीम ने मादक पदार्थ हेरोइन के साथ महिला को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। एंटी नारकोटिक्स सैल भिवानी में तैनात एएसआई अमरजीत अपनी पुलिस टीम के साथ हांसी चुंगी बवानी खेड़ा पर मौजूद थे। इसी दौरान पुलिस टीम को सूचना प्राप्त हुई कि जमालपुर रोड पर गोदाम के पास एक महिला हेरोइन बेचने की फिराक में खड़ी है। पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए छापेमारी की और एक महिला को काबू किया। महिला की पहचान गीता पत्नी संजय, निवासी कच्ची घड़ी मोहल्ला, पुराना बस स्टैंड, रोहतक, हाल निवासी वार्ड नंबर-5, बवानी खेड़ा के रूप में हुई है। पुलिस टीम द्वारा तलाशी लेने पर आरोपित महिला के कब्जे से 7.64 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन बरामद की गई।

आरोपित के कब्जे से 7.64 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन बरामद की

गांव भैरवी में अवैध कॉलोनी पर चला पीला पंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

जिले में अवैध निर्माणों और कॉलोनियों के खिलाफ जिला प्रशासन का तोड़फोड़ अभियान जारी है। इसी कड़ी में दादरी-लोहारू रोड स्थित गांव भैरवी में करीब तीन एकड़ में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी में कार्रवाई करते हुए सात डीपीसी और कच्चे रास्तों के नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया गया। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से नियंत्रित एवं शहरी क्षेत्रों में अवैध निर्माण और अवैध कॉलोनियों पर अंकुश लगाने के लिए नियमित रूप से अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियमों के विरुद्ध किए जा रहे निर्माणों के खिलाफ भविष्य में भी कार्रवाई जारी रहेगी और अवैध कॉलोनियों को विकसित नहीं होने दिया जाएगा। उपायुक्त ने नागरिकों से अपील की कि वे अपनी जीवनभर की जमा पूंजी अवैध कॉलोनियों या अनधिकृत निर्माणों में निवेश करने से बचें। जिला नगर योजनाकार कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों की मौजूदगी में यह कार्रवाई की गई। इस दौरान ड्यूटी मजिस्ट्रेट भी उपस्थित रहे। कार्रवाई के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया था।





नप ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

चरखी दादरी। नप की टीम ने बुधवार को शहर के मुख्य मार्गों पर कार्रवाई करते हुए सड़क किनारे खड़ी रेहड़ियों को हटवाया और दुकानों के बाहर रखा सामान जब्त किया। अधिकारियों ने कहा कि त्योहार तक यह अभियान लगातार जारी रहेगा। नप भवन निरीक्षक राकेश श्योराण के नेतृत्व में चलाए अभियान के दौरान बस स्टैंड रोड, तहसील रोड और रोहतक रोड सहित शहर के अन्य प्रमुख स्थानों पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान दुकानों के बाहर रखा गया सामान भी जब्त किया गया। नप की टीम ने दुकानदारों को निर्देश दिए कि वे अपनी दुकानों की निर्धारित सीमा के भीतर ही सामान रखें और सड़क तथा फुटपाथ पर किसी प्रकार का कब्जा न करें। अधिकारियों ने कहा कि मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण होने से वाहन चालकों के साथ-साथ पैदल चलने वाले लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। त्योहार के दिनों में यह समस्या और गंभीर हो सकती है। नप भवन निरीक्षक राकेश श्योराण ने दुकानदारों और रेहड़ी संचालकों से अपील की कि वे शहर की व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

शहर के विकास में धन की कमी नहीं आएगी आड़े:भवानी प्रताप सिंह

80 लाख से बनेगी तीन गलियां, खरकड़ी रोड पर फुटपाथ बनेगा

वार्ड एक के पार्षद सूर्या तंवर ने लोगों का मुंह मीठा करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

अब नप ने शहर का विकास का खाका खिंचना आरंभ कर दिया है। इसी क्रम में बुधवार को नगरपरिषद ने वार्ड संख्या एक में करीब 80 लाख रुपये की सौगात दी है।

नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने वार्ड संख्या में पहुंचकर तीन गलियों का निर्माण कार्य शुरू करवाया। जिनमें गली संख्या दो, गली संख्या तथा गली संख्या 11 शामिल है। साथ में गांव खरकड़ी की तरफ जाने वाले रोड फुटपाथों के कार्य का भी शुभारंभ करवाया। इस दौरान वार्ड एक के पार्षद सूर्या तंवर ने वहां पर मौजूद सभी लोगों का मुंह मीठा करवाया। इस दौरान कुछ लोगों ने सफाई व्यवस्था दुरुस्त की मांग की। जिस पर नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि ने तत्काल नप को सफाई व्यवस्था दुरुस्त करवाए जाने के निर्देश दिए। इससे पूर्व नप चेयरपर्सन भवानी प्रताप सिंह के वहां पहुंचने पर लोगों ने फूलों की माला पहना कर सम्मानित किया। इस मौके पर वीरेंद्र तालु,वेदपाल सिवाच,जगदीश, सरपंच करण सिंह, धनपत श्योराण, जवाहर मिताथलिया वह अन्य कॉलोनी वासी मौजूद रहे। नगरपरिषद शहर की अंदरूनी व बाहरी कॉलोनियों में स्ट्रीट लाइटें लगवा कर चकाचक करवा रहा है।



भिवानी। वार्ड एक में गलियों के कार्य का शुभारंभ करवाते हुए।

कच्ची गलियों की जानकादी दें: भवानी

नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि आमजन शहर की कच्ची गलियों के बारे में उनको जानकारी दे। वे तत्काल उन गलियों को पक्का करवाए जाने की प्रक्रिया शुरू करवा देंगे। क्योंकि शहर के विकास के लिए नगरपरिषद के पास धन की कोई कमी नहीं है। नगरपरिषद दिल खोलकर शहर का विकास करवा रही है।

भिवानी से गांव खरकड़ी की तरफ जाने वाली सड़क के दोनों तरफ फुटपाथ बनवाए जाएंगे। इन फुटपाथों पर बैठने के लिए सीटें भी लगवाई जाएगी। इनके अलावा फुटपाथों के साथ हरियाली के लिए फूलदार पौधे व बेल लगाए जाने की योजना है। ताकि शहर की उक्त सड़क की सुंदरता हर किसी को अपनी तरफ आकर्षित करें। इनके अलावा पहली बार खरकड़ी रोड़ पर लाइटें लगवाई जाएंगी। ताकि यहां से गुजरने वाले लोगों को अंधेरे में होने वाली समस्या से परेशानी न उठानी पड़े। पार्षद सूर्या तंवर ने बताया कि सड़क के दोनों तरफ लाइटें लगवाए जाने का कार्य शुरू करवा दिया गया है। जल्द ही उक्त मार्ग दुधिया रोशनी से नहाता नजर आएगा।

एशियाई खेलों में गोल्ड मेडल विजेता इशिका संभरवाल को किया सम्मानित



तोशाम। डॉ. अंबेडकर एकता मंच कैरू के द्वारा एशियाई खेलों में हॉकी की टीम में गोल्ड मेडल जीतने पर विजेता इशिका संभरवाल को भिवानी स्थित उनके निवास पर जाकर स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इशिका संभरवाल के पिता भी सेवानिवृत्त जिला खेल अधिकारी रहे है और उनकी प्रेरणा से बेटी भी खेलों में दमखल दिखा रही है और हॉकी में गोल्ड मेडल जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। डा. अंबेडकर एकता मंच कैरू के सदस्य राजकुमार रंगा ने कहा कि कोई भी किसी भी क्षेत्र में अच्छा मुकाम हासिल करता है तो एकता मंच उनके निवास पहुंचकर हौसला बढ़ाने के लिए सम्मानित करता है। इस मौके राजकुमार रंगा, पवन पंच, कुल्दीप, वीर सिंह, जितेंद्र , नरेंद्र, सुखबीर, जयवीर पंच आदि उपस्थित रहे।

पचास वर्ष से अधिक उम्र के ऐसे लोग, जिन्हें बचपन में चिकन पॉक्स हो चुका है या किसी बीमारी की वजह से जिनकी इम्यूनिटी वीक है, उन्हें शिंगल्स डिजीज हो सकता है। यह बहुत पेनफुल वायरल इंफेक्शन है, जिससे बचाव के लिए वैक्सीन लगवा सकते हैं। इस बारे में एक्सपर्ट डॉक्टर दे रहे हैं बहुत यूजफुल एडवाइस।

पेनफुल डिजीज शिंगल्स वैक्सीन से संभव है बचाव



प्रिकॉशन



डॉ. विपुल गुप्ता
सीनियर फिजिशियन
नई दिल्ली

शिंगल्स रोग को हर्पीस जोस्टर भी कहा जाता है। यह वेरिसेला जोस्टर वायरस के इंफेक्शन से होने वाला एक पेनफुल डिजीज है। यह उन लोगों को हो सकता है, जिन्हें बचपन में कभी चिकन पॉक्स हो चुका है। दरअसल, चिकन पॉक्स ठीक होने के बाद उसके वायरस इनएक्टिव फॉर्म में रोगी के टिश्यूज में या स्पाइनल कॉर्ड की नर्व्स में पड़े रहते हैं। फिर जब व्यक्ति पचास वर्ष की उम्र को पार कर लेता है, किसी बीमारी की वजह से उसकी इम्यूनिटी वीक हो जाती है तो ये वायरस फिर से एक्टिव होकर उसकी बॉडी स्किन के किसी एक पार्ट पर छोटे-छोटे वेसिकल्स के रूप में सामने आ सकते हैं, जिसे शिंगल्स कहते हैं। इस रोग के होने की आशंका उन लोगों में ज्यादा होती है, जिन्हें डायबिटीज, बीपी, कैंसर, अस्थमा जैसे रोग होते हैं, क्योंकि उनकी इम्यूनिटी काफी कमजोर हो जाती है।



शिंगल्स के लक्षण: शिंगल्स, बॉडी के किसी एक निश्चित पार्ट की स्किन पर छोटे-छोटे दानों या पानी वाले फफोलों के रूप में होता है। ज्यादातर शरीर के ऊपरी हिस्से यानी थोरेसिक पार्ट में, आंखों के पास या बैक पार्ट में स्पाइन के आस-पास की स्किन पर होता है।

शिंगल्स होने से पहले स्किन के उस पार्ट में बहुत ज्यादा दर्द महसूस होता है। फिर उसी स्थान पर तीन से पांच दिनों के बाद इसके वेसिकल्स प्रकट होते हैं। फिर इनमें पानी भर जाता है। इससे जुड़ा सबसे कॉम्प्लीकेटेड आस्पेक्ट, पोस्ट हरपेटिक न्यूराल्जिया है। इसमें कुछ पेशेंट्स को शिंगल्स के ठीक होने के बाद भी कई दिन, महीने या कभी-कभी एक साल तक करेंट लगने जैसा पेन होता रहता है।

अब उपलब्ध है वैक्सीन: शिंगल्स के मामले में अच्छी बात यह है कि अब इससे बचाव के लिए इफेक्टिव वैक्सीन उपलब्ध है। हालांकि वैक्सीन पहले भी उपलब्ध थीं लेकिन वो ज्यादा इफेक्टिव नहीं होती थीं और उनके कुछ साइड इफेक्ट्स भी होते थे। लेकिन अब शिंगरिक्स नामक वैक्सीन की दो डोज इससे बचाव करने में काफी कारगर है। इस वैक्सीन की दो डोज को दो से छह महीने के अंतराल पर लगाया जाता है। इसकी एफिशिएंसी 90 प्रतिशत से ज्यादा पाई गई है। इसलिए पचास वर्ष से ऊपर के ऐसे लोग, जिन्हें बचपन में स्मॉल या चिकन पॉक्स हो चुका है या जो बीपी, शुगर, अस्थमा के पेशेंट हैं या फिर जो इम्यूनोथेरेपी ले रहे हैं, वे शिंगल्स जैसे पेनफुल डिजीज से बचने के लिए यह वैक्सीन अपने डॉक्टर से कंसल्ट कर लगवा सकते हैं।

ट्रीटमेंट का तरीका: जहां तक शिंगल्स के उपचार की बात है तो इसके पेशेंट्स को एंटीवायरल मेडिसिन दी जाती हैं। चूंकि यह बहुत पेनफुल डिजीज है, इससे राहत के लिए कई बार पेशेंट की कंडीशन के अनुसार नर्व्स को सुन्न करने वाली दवाएं भी दी जाती हैं। लेकिन इन दवाओं को देने के बाद भी कई बार पेशेंट को दर्द से पूरी राहत नहीं मिल पाती है। पेशेंट अपने रोजमर्रा के काम भी नहीं कर पाता है। इसीलिए इससे बचाव के लिए वैक्सीन लगवाना ही कारगर उपाय है। *

प्रस्तुति: विज्ञान भूषण

डॉक्टर्स एडवाइस

डॉ. राजेश कालिटा
जनरल मेडिसिन स्पेशलिस्ट, दिल्ली

बदलते मौसम में बढ़ जाता है कई बीमारियों के होने का रिस्क

मौसम में बदलाव का असर केवल तापमान पर ही नहीं, बल्कि हमारी सेहत पर भी पड़ता है। कभी सुबह और शाम हल्की ठंडक, तो कभी दिन में गर्मी, उमस, बारिश और बढ़ता वायु प्रदूषण शरीर के लिए कई तरह के रोगों के होने का रिस्क बढ़ा देता है। इनसे बचाव के लिए पूरी सावधानी बरतते हुए यहां दिए जा रहे सुझावों पर अमल करें।







इन दिनों मौसम में बदलाव हो रहा है। सुबह-शाम, रात में ठंड तो दिन में गर्मी लगती है। मच्छरों का प्रकोप और प्रदूषण भी बढ़ रहा है। इससे कई बीमारियों का रिस्क बढ़ गया है।

इन रोगों का बढ़ता है रिस्क

सर्दी-जुकाम और फ्लू: यह इस मौसम की सबसे आम समस्या है। इसमें नाक बहना या बंद होना, छींकें आना, गले में खराश, हल्का बुखार, बदन दर्द और थकान जैसे लक्षण दिखते हैं। सामान्य जुकाम आमतौर पर 5-7 दिन में ठीक हो जाता है, जबकि फ्लू (इंफ्लूएंजा) में बुखार तेज होता है और कमजोरी अधिक रहती है। यह एक व्यक्ति से दूसरे में खांसने-छींकने और हाथ मिलाने से आसानी से फैलता है।

गले का संक्रमण: टॉन्सिलाइटिस और फेरिन्जाइटिस जैसे गले के संक्रमण में गले में दर्द, निगलने में तकलीफ, आवाज बैठना और कभी-कभी बुखार होता है। ठंडी चीजों का सेवन और अचानक तापमान बदलना इसके प्रमुख कारण हैं। बच्चों में यह समस्या अधिक देखी जाती है।

खांसी और ब्रोंकाइटिस: लगातार खांसी, सीने में जकड़न, बलगम और सांस लेते समय घरघराहट, ब्रोंकाइटिस के लक्षण हो सकते हैं। यदि खांसी दो-तीन हफ्ते से अधिक चले, तो डॉक्टर को अवश्य दिखाना चाहिए।

एलर्जी और अस्थमा: धूल, धुएं, परागकणों और प्रदूषण के कारण आंखों में खुजली, लगातार छींकें, नाक से पानी बहना और त्वचा पर चकत्ते हो सकते हैं। अस्थमा या दमे के मरीजों में सांस फूलना, सीटी जैसी आवाज और सीने में भारीपन बढ़ जाता है। प्रदूषण के दिनों में यह समस्या गंभीर रूप ले सकती है।

वायरल फीवर: इसमें तेज बुखार, सिरदर्द, बदन टूटना, कमजोरी और कभी-कभी उल्टी या दस्त की शिकायत होती है। यह आमतौर पर 3 से 5 दिन में ठीक हो जाता है, पर आराम और पर्याप्त तरल पदार्थ जरूरी हैं।



डेंगू और मलेरिया: बरसात के बाद मौसम बदलने के दौरान रुके हुए पानी में मच्छर पनपते हैं। डेंगू, एडीज मच्छर के काटने से होता है, जिसमें तेज बुखार, तेज सिरदर्द, आंखों के पीछे दर्द, जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द तथा शरीर पर दाने हो सकते हैं। मलेरिया में ठंड लगकर बुखार आता है और पसीना आकर उतर जाता है। इन दोनों बीमारियों में देरी करना जानलेवा हो सकता है, इसलिए तुरंत जांच कराना आवश्यक है।

पेट के संक्रमण: दूषित पानी और बासी भोजन से दस्त, उल्टी, पेट दर्द, फूड पॉइजनिंग, टाइफाइड और पीलिया (हेपेटाइटिस-ए) जैसी बीमारियां हो सकती हैं। इनमें शरीर में पानी की कमी (डिहाइड्रेशन) सबसे बड़ा खतरा है।

जोड़ों का दर्द और अकड़न: ठंडे और नम मौसम में गठिया के रोगियों और बुजुर्गों के जोड़ों का दर्द बढ़ जाता है। सुबह उठने पर अकड़न महसूस होती है।

त्वचा और आंखों की समस्याएं: मौसम में नमी, धूल, प्रदूषण और एलर्जी के कारण त्वचा में खुजली, चकत्ते, रूखापन तथा आंखों में जलन या पानी आने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। पसीने और नमी के कारण कुछ लोगों में फंगल संक्रमण का खतरा भी बढ़ सकता है।

रोगों के कारण

इस मौसम में होने वाले तमाम तरह के रोगों के कई कारण हो सकते हैं।

तापमान में उतार-चढ़ाव: दिन में गर्मी और रात में ठंड होने से शरीर को बार-बार अपना तापमान संतुलित करना पड़ता है। इससे शरीर पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है और इम्यून सिस्टम कमजोर हो सकता है।

वायरस का संक्रमण: फ्लू और सर्दी-जुकाम के वायरस ठंडे और शुष्क मौसम में ज्यादा सक्रिय रहते हैं।

नमी और गंदा पानी: बरसात के बाद जगह-जगह पानी जमा हो जाता है, जिसमें मच्छर पनपते हैं। साथ ही दूषित पानी से पेट की बीमारियां फैलती हैं।

एलर्जी के कारक: धूल, परागकण (पोलन), फफूंद और प्रदूषण के कण हवा में बढ़ जाते हैं, जो एलर्जी और दमे के रोगियों को परेशान करते हैं।

खान-पान में लापरवाही: मौसम के अनुसार खान-पान और सोने-जागने के समय में बदलाव न करने से भी शरीर बीमार पड़ जाता है।

बचाव है संभव

इस मौसम में होने वाले रोगों से बचने के लिए आप कुछ उपाय आजमा सकते हैं।

लें पौष्टिक आहार: घर का ताजा और गर्म खाना खाएं। बाहर का खुला और तला-भुना भोजन, कटे हुए फल और बासी खाने से बचें। मौसमी फल, हरी सब्जियां, दालें, साबुत अनाज और प्रोटीन युक्त भोजन लें। विटामिन-सी युक्त खाद्य पदार्थ, जैसे अमरूद, आंवला, संतरा और नीबू का सेवन करें। भोजन में हल्दी, अदरक, लहसुन, तुलसी और काली मिर्च का प्रयोग करें, जो प्राकृतिक रूप से संक्रमण से लड़ने में सहायक माने जाते हैं। सूखे मेवे, दालें और अंकुरित अनाज प्रोटीन और ऊर्जा के अच्छे स्रोत हैं। बहुत अधिक मीठे पेय पदार्थों और अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों का सेवन सीमित रखें।

हाइड्रेशन का रखें ध्यान: हमेशा उबला हुआ या फिल्टर किया हुआ पानी पिएं। दिनभर में पर्याप्त पानी पिएं। गुनगुना पानी, सूप, दाल का पानी और अदरक-तुलसी का काढ़ा भी लाभकारी है।

बीमार व्यक्ति से रहें दूर: सर्दी-खांसी वाले व्यक्ति से उचित दूरी बनाएं। यदि आप स्वयं बीमार हैं, तो घर पर आराम करें, ताकि संक्रमण दूसरों तक न फैले। खांसते या छींकते समय मुंह और नाक को टिश्यू या कोहनी से ढकें। भीड़-भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचें।

पर्सनल हाइजीन का रखें ध्यान: हाथों को साबुन से कम से कम 20 सेकेंड तक धोएं, खासकर खाने से पहले, शौचालय के बाद और बाहर से आने पर। आंख, नाक और मुंह को बिना हाथ धोए न छुएं।

पहनें सही ड्रेस: परतों में ड्रेसेस पहनें, ताकि गर्मी या ठंड के हिसाब से उन्हें कम या ज्यादा किया जा सके। सुबह-शाम की ठंड से बचने के लिए हल्का जैकेट या शॉल साथ रखें। पसीने में भीगे कपड़े तुरंत बदलें और अचानक एसी या ठंडे कमरे से तेज गर्मी में न जाएं। एसी का तापमान 24-26 डिग्री से कम न रखें।

नाक, गले की देखभाल: जुकाम की शुरुआत में दिन में एक-दो बार भाप लें। गुनगुने पानी में चुटकी भर नमक डालकर दिन में 2-3 बार गरारे करें। सलाइन नेजल स्प्रे या ड्रॉप, धूल और एलर्जी में आराम देते हैं।

मच्छरों से सुरक्षा: घर के आस-पास पानी जमा न होने दें। कूलर, गमलों, टायरों और छत पर रखे बर्तनों का पानी हर सप्ताह बदलें या खाली करें। खिड़कियों पर जाली लगवाएं और सोते समय मच्छरदानी या रिपेलेंट का उपयोग करें। पूरी बांह के कपड़े पहनें, खासकर सुबह और शाम के समय। नालियों की सफाई और कीटनाशक के छिड़काव में सहयोग करें।

प्रदूषण से करें बचाव: बाहर निकलने से पहले वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) देखें। प्रदूषण अधिक होने पर बाहरी गतिविधियां कम करें और जरूरत के अनुसार अच्छी फिटिंग वाला एन-95 मास्क पहनें। सुबह की सैर तब करें जब हवा की गुणवत्ता बेहतर हो। प्रदूषण अधिक हो तो घर के अंदर हल्का व्यायाम करें। प्रदूषण अधिक होने पर खुले में व्यायाम करने से बचें। घर में एयर प्यूरीफायर या घर के अंदर लगाए जाने वाले पौधे उपयोगी हो सकते हैं। दमे और एलर्जी के मरीज अपनी दवाइयां और इनहेलर हमेशा साथ रखें। सार्वजनिक जगहों पर खासकर बंद जगहों (बस, मेट्रो, बाजार) में जाना यथासंभव अवॉयड करें। जरूरत के अनुसार मास्क पहनें।

करें व्यायाम: प्रतिदिन 5-10 मिनट डीप ब्रीदिंग, अनुलोम-विलोम करें। कम से कम 30 मिनट टहलें, योग या प्राणायाम करें। तनाव कम करने के लिए ध्यान, संगीत या परिवार के साथ समय बिताएं। रोज 7 से 8 घंटे की नींद भी जरूर लें। *

प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा

इन बातों का भी रखें ध्यान



गुनगुने पानी से गरारे, अदरक-तुलसी की चाय, हल्दी वाला दूध और भाप लेना हल्के सर्दी-जुकाम में आराम पहुंचा सकता है। लेकिन यदि लक्षण गंभीर हों या कुछ दिनों में ठीक न हों, तो घरेलू नुस्खों पर निर्भर रहने की बजाय चिकित्सक से परामर्श करना चाहिए। बच्चों को स्कूल भेजते समय मौसम के अनुसार कपड़े पहनाएं, हैंड हाइजीन रखना सिखाएं और उन्हें ठंडे पेय और आइसक्रीम से कुछ समय के लिए दूर रखें। बुजुर्गों को नियमित दवाइयां समय पर देना, गर्म कपड़े पहनाना और ब्लड प्रेशर तथा शुगर की जांच कराते रहना जरूरी है। डॉक्टर की सलाह के बिना कोई दवा, विशेषकर बुखार या खांसी की सिरप न दें। इंफ्लूएंजा वैक्सीन लगवा सकते हैं। लेकिन बच्चों, 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों, गर्भवती महिलाओं, दमा, मधुमेह या हृदय रोग से पीड़ित लोगों को इसके बारे में डॉक्टर से सलाह लें।

हर्बल जोन

रेखा देशराज

आंवले का सेवन करना है फायदेमंद

इन दिनों सब्जी-फल मार्केट में आंवला खूब बिक रहा है। यह सिर्फ विटामिन-सी का भंडार ही नहीं है बल्कि कई रोगों से बचाव में भी सहायक है। इसीलिए हमारे खान-पान से लेकर अनेक तरह की पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों में आंवले का प्रयोग सदियों से हो रहा है। कभी दादी-नानी के मुरब्बे, कभी खट्टी, कसैली या तीखी स्वाद वाली चटनी, तो कभी आंवले का जूस, कभी आंवले का अचार। इस फल को अनेक तरीकों से सेहत और स्वाद दोनों के लिए खाया जाता है।

विटामिन-सी का खजाना: आंवले की सबसे बड़ी पोषण विशेषता इसमें मौजूद विटामिन-सी है। यह विटामिन शरीर में कोलेजन के निर्माण, घाव भरने की प्रतिरक्षा तंत्र के सामान्य कामकाज में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आंवला एक एंटीऑक्सीडेंट है, जो कोशिकाओं को ऑक्सीडेटिव क्षति से बचाने में मददगार होता है। आंवला खाना शरीर को जरूरी पोषण देने का एक तरीका है। लेकिन इसे किसी बीमारी का पूर्णतः इलाज नहीं समझना चाहिए।



ये भी होते हैं पोषक तत्व: आंवले में विटामिन-सी के अलावा भी अनेक महत्वपूर्ण पोषक तत्व पाए जाते हैं। मसलन पॉलिफेनॉल जैसे जैव सक्रिय यौगिक। ये यौगिक शरीर में ऑक्सीडेटिव तनाव से जुड़ी प्रक्रियाओं पर प्रभाव डाल सकते हैं। यह रक्त में वसा के स्तर, रक्त शर्करा और शरीर में सूजन से संबंधित समस्याओं पर बेहद सकारात्मक परिणाम देता है।

नियमित रूप से आंवला खाने से मधुमेह, हृदय रोग या दूसरी गंभीर बीमारियों की रोकथाम में मदद मिलती है।

रखें ध्यान: जिन लोगों को गुर्दे की पथरी की समस्या हो, उन्हें विशेष रूप से अधिक मात्रा में आंवले का रस या इस पर केंद्रित सप्लीमेंट लेने से पहले अपने डॉक्टर से इस पर गंभीरता से सलाह लेना चाहिए। अधिक चीनी वाले आंवले का मुरब्बा भी सीमित मात्रा में सेवन करने चाहिए। डॉक्टर से कंसल्ट कर ही इसकी मात्रा निर्धारित करें।

ऐसे करें सेवन: ताजा आंवला अच्छी तरह धोकर काटें और अपनी सहनशीलता के अनुसार थोड़ी मात्रा से खाना शुरू करें।

चटनी के रूप में आंवला खाने के लिए इसे धनिया, पुदीना और दूसरे मसालों के साथ तैयार कर सकते हैं। कद्दूकस किया हुआ आंवला गाजर या खीरे के सलाद में डालकर खा सकते हैं। बिना अतिरिक्त चीनी वाले आंवला के रस को पिएं, लेकिन इसे पानी का विकल्प न मानें। आंवले का मुरब्बा या कैंडी खाते समय चीनी की मात्रा का ध्यान जरूर रखें। *

प्रिकॉशन

ललिता गोयल

अगर आप भी अकसर अपनी गोद में लैपटॉप रखकर काम करते हैं तो सावधान हो जाएं, क्योंकि इससे कई तरह के हेल्थ इश्यूज हो सकते हैं। इन प्रॉब्लम्स और इनसे बचने के उपायों के बारे में जानिए।

क्या आप भी करते हैं गोद में लैपटॉप लेकर काम



आज के डिजिटल दौर में कंप्यूटर और लैपटॉप हम सबकी रोजमर्रा की जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुके हैं। पढ़ाई हो, ऑफिस का काम हो या ऑनलाइन मीटिंग, घंटों लैपटॉप के सामने बिताना अब आम बात हो गई है और अकसर लोग टेबल-कुर्सी पर बैठने के बजाय लैपटॉप को गोद में रखकर काम करना आसान समझते हैं। चाहे सोफे पर या बिस्तर पर बैठना हो गोद में लैपटॉप रखकर काम करना आरामदायक और सुविधाजनक लगता है, लेकिन ऐसा करना सेहत के लिए बेहद हार्मफुल साबित हो सकता है। लैपटॉप से निकलने वाली हीट त्वचा और अंदरूनी टिशू को प्रभावित करती है, जिससे शरीर को कई तरह की गंभीर परेशानियां झेलनी पड़ सकती हैं। यहां जानते हैं कि लैपटॉप को गोद में रखकर काम करने से आपको किन दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

आंखों पर असर: लंबे समय तक पास रखकर लैपटॉप पर काम करने से आंखों में ड्रायनेस, सूजन, पानी आना जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

नींद न आना: गोद में लैपटॉप रखकर काम करते समय स्क्रीन आंखों के काफी करीब होती है। इससे निकलने वाली नीली रोशनी आंखों में सूखापन, जलन और थकान पैदा करती है। इसके कारण मस्तिष्क में 'मेलाटोनिन' हार्मोन का बनना कम हो जाता है, जिससे नींद न आने की समस्या होती है।

पुरुषों में इनफर्टिलिटी: पुरुषों में लैपटॉप की हीट का असर महिलाओं से ज्यादा होता है। जब लैपटॉप गोद में रखा होता है, तो स्क्रोटम का तापमान बढ़ जाता है। ज्यादा तापमान होने से पुरुषों की स्पर्म क्वालिटी कमजोर होने लगती है और इस वजह से फर्टिलिटी में समस्या आ सकती है और प्रजनन क्षमता प्रभावित हो सकती है।

रेडिएशन का असर: लैपटॉप को ज्यादा देर तक गोद में रखकर काम करने से लैपटॉप से निकलने वाली हीट लो फ्रीक्वेंसी रेडिएशन छोड़ते हैं और ब्लूटूथ कनेक्शन से ही रेडिएशन बाहर आती है और इस वजह से सिर दर्द की समस्या हो सकती है।

स्किन इंफेक्शन: लैपटॉप से निकलने वाली गर्म हवा के कारण त्वचा में जलन होने लगती है। लैपटॉप से निकलने वाली हीट के कारण स्किन पर रेड रैशेज आ सकते हैं। लंबे समय तक स्किन के संपर्क में लैपटॉप रखने से असामान्य त्वचा में छोटे-छोटे दाने हो सकते हैं।

पॉस्चर प्रॉब्लम: गोद में लैपटॉप रखकर इस्तेमाल करते रहने से कमर दर्द की समस्या हो सकती है। इससे शरीर के पॉस्चर पर भी असर हो सकता है। गर्दन में दर्द की शिकायत भी हो सकती है।

पीठ और कंधों में दर्द: गोद में लैपटॉप रखकर काम करते समय स्क्रीन आपकी आंखों के लेवल से काफी नीचे होती है। इस वजह से आपको गर्दन झुकाकर बैठना पड़ता है। लगातार इस स्थिति में रहने से रीढ़ की हड्डी का प्राकृतिक आकार बिगड़ने लगता है, जिससे सर्वाइकल, स्पॉन्डिलाइटिस और पीठ के निचले हिस्से में तेज दर्द की समस्या हो जाती है।

बचने के लिए क्या करें: इन सभी समस्याओं से बचने के लिए आप इन उपायों पर गौर कर सकते हैं।

- हमेशा लैपटॉप को एक टेबल पर रखकर इस्तेमाल करें।
- टेबल न हो, तो कुशन वाले लैप डेस्क या कूलिंग पैड का इस्तेमाल करें ताकि लैपटॉप की गर्मी सीधे शरीर तक न पहुंचे।
- हर 20 मिनट के काम के बाद 20 सेकेंड के लिए 20 फीट दूर किसी वस्तु को देखें।
- अपनी आदतों में यह छोटा-सा बदलाव करके आप रीढ़ की हड्डी, त्वचा और संपूर्ण सेहत को लंबे समय तक सुरक्षित रख सकते हैं। *

(जनरल फिजिशियन डॉ. तृप्ति अग्रवाल से बातचीत पर आधारित)

अवेयरनेस

डॉ. नरेश कुमार
सीनियर जनरल फिजिशियन
एलएनजेपी अस्पताल, दिल्ली

हालांकि देश में पोलियो इरेडिकेशन प्रोग्राम से वाइल्ड पोलियो वायरस से मुक्ति मिल चुकी है, लेकिन इस दिशा में निरंतर प्रयास करते रहना जरूरी है। वर्ल्ड पोलियो डे (24 अक्टूबर) के अवसर पर जानिए इस बारे में यूजफुल सजेशंस।

पोलियो से बचाव के लिए सतर्कता बरतना है जरूरी

पोलियो को चिकित्सा विज्ञान में पोलियोमाइलाइटिस कहा जाता है। यह बीमारी पोलियो वायरस के कारण होती है, जो मुख्य रूप से मुंह के रास्ते शरीर में प्रवेश करता है और आंतों में अपनी संख्या बढ़ाता है। कुछ मामलों में वायरस रक्त के माध्यम से केंद्रीय तंत्रिका तंत्र तक पहुंचकर उन तंत्रिका कोशिकाओं को नुकसान पहुंचा सकता है, जो मांसपेशियों की गतिविधियों को नियंत्रित करती हैं। इससे मांसपेशियों में कमजोरी या स्थाई लकवा हो सकता है। कुछ मामलों में यह सांस की मांसपेशियों को भी प्रभावित करता है, जिससे जान भी जा सकती है।



बच्चों को ज्यादा रिस्क: पोलियो एक गंभीर संक्रामक बीमारी है। इसे 'बच्चों का लकवा' भी कहा जाता है। हालांकि यह बीमारी किसी भी उम्र के व्यक्ति को हो सकती है, लेकिन पांच साल से कम उम्र के बच्चों में इसका खतरा अधिक होता है। लगभग 200 संक्रमित बच्चों में से किसी एक में गंभीर रूप दिखता है, यानी पैरालिटिक पोलियो। लकवाग्रस्त बच्चों में से 5 से 10 प्रतिशत की मौत भी हो सकती है।

क्या है स्थिति: डब्ल्यूएचओ के अनुसार वैक्सीन की बदौलत आज दुनिया भर में पोलियो की बीमारी लगभग खत्म हो चुकी है। भारत में भी 'दो बूंद जिंदगी की' संदेश लेकर चला पल्स पोलियो अभियान काफी कारगर रहा। फिर भी इसके वाइल्ड पोलियो वायरस और वैक्सीन डिराइव्ड पोलियो वायरस का खतरा कई देशों में अभी भी मौजूद है। इसीलिए भारत में रुटीन इम्यूनाइजेशन के तहत बच्चों को ओपीवी और आईपीवी की खुराकें दी जाती हैं और समय-समय पर पल्स पोलियो अभियान चलाए जाते हैं।

कैसे फैलता है: पोलियो वायरस इंसान के शरीर में मुंह के रास्ते दाखिल होता है। इसका मुख्य तरीका फीकल-ओरल रूट है, यानी दूषित पानी या खाना, साफ-सफाई की कमी, संक्रमित व्यक्ति के मल के संपर्क में आना। कभी-कभी खांसी या छींक के जरिए भी यह फैल सकता है। वायरस आंत में बढ़ता है और संक्रमित व्यक्ति के मल के जरिए हफ्तों तक बाहर निकलता रहता है। इसीलिए जहां सैनिटेशन कमजोर होता है, वहां यह तेजी से फैलता है।

रोग के लक्षण: पोलियो के ज्यादातर संक्रमित लोगों (लगभग 70 प्रतिशत से ज्यादा) में कोई लक्षण दिखते ही नहीं, लेकिन वे दूसरों को वायरस फैला सकते हैं। कुछ लोगों में हल्के लक्षण होते हैं। इनमें बुखार, थकान, सिरदर्द, उल्टी, गर्दन में अकड़न, हाथ-पैरों में दर्द, मांसपेशियों में कमजोरी, गंभीर मामलों में हाथ या पैर में अचानक ढीलापन और लकवा होना।

पोलियो का इलाज: पोलियो का कोई प्रॉपर परफेक्ट इलाज नहीं है। एक बार लकवा हो जाए तो उसे ठीक नहीं किया जा सकता। इलाज सिर्फ सपोर्टिव होता है- आराम, दर्द की दवा, फिजियोथेरेपी, ब्रेसेस या कैलिपर्स और गंभीर मामलों में सांस के लिए वेंटिलेटर। इसीलिए रोकथाम ही सबसे कारगर उपाय है।

बचाव के उपाय: पोलियो से बचाव के लिए टीकाकरण और संक्रमण की रोकथाम बेहद महत्वपूर्ण हैं। पोलियो से बचने के लिए मुख्य रूप से दो प्रकार के टीकों का इस्तेमाल किया जाता है। ओरल पोलियो वैक्सीन (ओपीवी), जो मुंह में बूंदों के रूप में दी जाती है। इनएक्टिवेटेड पोलियो वैक्सीन (आईपीवी) यह इंजेक्शन के माध्यम से दी जाती है। बच्चों को समय पर इसकी सभी खुराकें दिलाएं। 5 साल से कम उम्र के हर बच्चे को ओपीवी की डोज पिलाएं, चाहे उसे पहले सारी खुराकें मिल चुकी हों। साफ-सफाई और स्वच्छता का ध्यान रखें। खाना खाने से पहले साबुन से हाथ धोएं। साफ और सुरक्षित पीने का पानी इस्तेमाल करें। पानी उबालकर या फिल्टर करके पिएं। *

प्रस्तुति: सृजन अरोड़ा

जननायक जनता पार्टी ने भिवानी और चरखीदादरी में किया प्रदर्शन

सरकारी खरीद में किसानों को हो रही परेशानी, दुरुस्त करने की मांग

गेहूं चना, जौ, सरसों, दाल एवं बाजरा के समर्थन मूल्य में की गई मामूली बढ़ोतरी पर असंतोष व्यक्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जननायक जनता पार्टी जिला भिवानी ने बुधवार को भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर निशाना साधा। एसआईआर के माध्यम से लोकतंत्र पर हमला करने वाली भाजपा सरकार और एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) के अंतर्गत आने वाली फसलों, जैसे गेहूँ, चना, जौ, सरसों, दाल एवं बाजरा के समर्थन मूल्य में की गई मामूली बढ़ोतरी पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा अन्य फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में प्रति क्विंटल 200 रुपये की बढ़ोतरी किए जाने की मांग उठाई गई। जजपा जिला अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा और जिला प्रभारी कृष्ण बजीणा के नेतृत्व में जजपा पदाधिकारियों ने धान एवं बाजरे की सरकारी खरीद को लेकर भारतीय जनता पार्टी सरकार के रवैये की कड़ी निंदा की गई। ज्ञापन के माध्यम से जजपा ने सरकार से मांग की गई कि किसानों की उपज की सरकारी खरीद सुनिश्चित की जाए, ताकि उन्हें अपनी फसल का उचित मूल्य मिल सके और आर्थिक नुकसान का सामना न करना पड़े।

जजपा ने एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) प्रक्रिया के तहत देश एवं प्रदेश में वैध घोषित किए गए मतों को काटे जाने के मुद्दे पर भी विरोध दर्ज कराया गया। ज्ञापन में मांग की गई कि वैध मतदाताओं के मताधिकार की रक्षा की जाए तथा किसी भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से अनुचित रूप से न हटाया जाए। जेजेपी ने मांग की कि मतदाता सूची की प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष होनी चाहिए, ताकि किसी भी पात्र मतदाता को उसके मतदान के अधिकार से वंचित न होना पड़े।



भिवानी। किसानों की मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते जेजेपी के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि



चरखी दादरी। सीईओ को ज्ञापन सौंपते जजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

24 फसलें खरीदी गई थी एमएसपी पर

भिवानी जिलाध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा और जिला प्रभारी कृष्ण बजीणा ने कहा कि आज किसान पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के कार्यकाल को याद करने लगे हैं है दुष्यंत चौटाला के उपमुख्यमंत्री रहते मंडियों में किसानों को कभी भी लाईनों में नहीं खड़ा होना पड़ता था बल्कि 48 घंटों के अंदर किसानों के खातों में पैसा जमा हो जाता था। दुष्यंत चौटाला जब तक उपमुख्यमंत्री रहे किसानों की 24 फसलें एम एस पी पर खरीदी गई थी। जजपा पदाधिकारियों ने कहा कि जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डा अजय सिंह चौटाला, उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के दिशानिर्देश पर किसानों के हितों की लड़ाई मजबूती से लड़ेगी और भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों को जनता के सामने रखेगी।

फसलों के दाम में 500 रुपये की बढ़ोतरी करने की मांग

चरखी दादरी। जननायक जनता पार्टी (जजपा) के कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष रविंद्र सांगवान चरखी और जिला प्रभारी ऋषिपाल उमरवास के नेतृत्व में जिला परिषद के सीईओ बिजेंद्र हुड्डा को ज्ञापन सौंपकर फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी, मंडियों से फसल उठान और एसआईआर के तहत वोट काटे जाने के मुद्दे उठाए। पार्टी नेताओं ने मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं होने पर प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि सरकार ने फसलों के दाम में केवल 25 रुपये की बढ़ोतरी की जो किसानों की बढ़ती लागत को देखते हुए पर्याप्त नहीं है। जजपा नेताओं ने कहा कि खाद, बीज और डीजल के दाम बढ़ने से खेती की लागत लगातार बढ़ रही है। पार्टी ने फसलों के दाम में कम से कम 500 रुपये की बढ़ोतरी करने की मांग की, ताकि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके। किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष नरेश द्वारका और पूर्व विधायक राजदीप फोगाट ने कहा कि मंडियों में बाजरे और धान की फसल का ढेर लगा है, बारिश के कारण फसल भीगने से खराब हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि बाजरे का सरकारी भाव 2,950 रुपये प्रति क्विंटल होने के बावजूद किसान 2200 से 2300 रुपये प्रति क्विंटल बेचने के लिए मजबूर है। उन्होंने कहा कि बिचौलिये अनाज खरीदने के नाम पर किसानों से 500-500 रुपये तक वसूल रहे हैं। पार्टी ने स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करने के चुनावी वादे को पूरा करने की भी मांग उठाई। ज्ञापन में एसआईआर प्रक्रिया के तहत कथित तौर पर 34 लाख वोट काटे जाने का मुद्दा भी उठाया। इस अवसर पर किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष नरेश द्वारका, पूर्व विधायक राजदीप फोगाट, विजय श्योराण काकड़ोली, राकेश कलकल, जिला प्रवक्ता राजेंद्र हूड्डू, प्यारेलाल लांबा, भूपेंद्र बौंद, संगीता चौहान, शकुंतला, धनसिंह कारी, धर्मवीर फोगाट, राजेश समसपुर, रामकुमार कादमा, दीपेश कारी, संजीव काकड़ोली, मनीष छिल्लर, संजय जगरामबास, सुरेंद्र यादव, कृष्ण बिंद्राबण, हरपाल हंसावास, धर्मवीर हड़ोदा, धर्मराज फौगाट, प्रेम मंढोला, अशोक सिहाग, महेंद्र स्वामी, रविंद्र झिंझर, नरेश जांगड़ा, विष्णु वाल्मीकि व संजीव चरखी आदि मौजूद रहे।

खबर संक्षेप



पांच परिवर्तन अपनाने का किया आह्वान

चरखी दादरी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 101वें वर्ष के उपलक्ष्य में विजयदशमी पर्व जिलेभर में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर संघ की ओर से खंड झोझू के मकड़ाना मंडल, कादमा खंड के बीजना-बेरला गांव व कादमा मंडल तथा अटेला खंड के छपार मंडल में शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में स्वयंसेवकों और ग्रामीणों ने भाग लिया। मुख्य वक्ता जिला कार्यवाह मुकेश कुमार ने कहा कि विजयदशमी सत्य, न्याय, धर्म और राष्ट्र चेतना का पर्व है। इसी महत्व के चलते राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने इसे अपने छह प्रमुख उत्सवों में शामिल किया है।



बीपीएस में शरद नवरात्रि पर 'गरबा की गूंज'

भिवानी। भिवानी पब्लिक स्कूल में शरद नवरात्रि पर पहली बार भव्य डांडिया एवं गरबा नाइट का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय निदेशिका आशा पाहुजा,सचिव पुलकित पाहुजा ने मां दुर्गा के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित किया। रंगारंग समारोह में विद्यालय के विद्यार्थियों, अभिभावकों, पूर्व छात्रों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरा परिसर रंग-बिरंगी रोशनी, आकर्षक सजावट और पारंपरिक परिधानों से सुसज्जित होकर उत्सव के उल्लास में सरोबार नजर आया। गरबा एवं डांडिया के पारंपरिक गीतों की मधुर धुनों पर सभी ने उत्साहपूर्वक नृत्य किया।



छात्राओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुर

भिवानी। महाराजा नीमपाल सिंह राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. जगबीर सिंह के नेतृत्व एवं महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में सात दिवसीय सेल्फ-डिफेंस आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर बुधवार को संपन्न हुआ। शिविर में दुर्गा स्पोर्ट्स अकेडमी के कोच सोमवीर व दीपक ने छात्राओं को आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकों एवं गुरों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। कार्यकारी प्राचार्य डॉ. राजकुमार शर्मा ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करना और उन्हें विषम परिस्थितियों में आत्मविश्वास व साहस के साथ अपनी सुरक्षा करने में सक्षम बनाना है। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को संकट की स्थिति में सूझ-बूझ से कार्य करने के लिए प्रेरित किया।



विद्यार्थियों ने रचनात्मक प्रतिभा दिखाई

भिवानी। टीआईटी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बुधवार को आयोजित कला एवं शिल्प कार्यशाला में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के निदेशक डॉ. कुनाल जीत सिंह ने बच्चों द्वारा तैयार कलाकृतियों का अवलोकन किया और उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी. पी. कौशिक ने डॉ. कुनाल जीत सिंह को शॉल ओढ़ाकर और स्मृति-चिह्न भेंट कर उनका स्वागत व सम्मान किया। कार्यशाला के दौरान छात्र-छात्राओं ने डॉट मंडला आर्ट और लिप्पन आर्ट जैसी पारंपरिक व आधुनिक विधाओं में कई सुंदर कलाकृतियां बनाईं।

140 मरीजों को जांचा, 25 का होगा ऑपरेशन



भिवानी। भिवानी परिवार मैत्री संघ (बीपीएमएस) के 45वें निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य शिविर में 140 मरीजों की जांच की गई। दिल्ली के वरिष्ठ चिकित्सकों की सलाह पर 25 मरीजों का चयन नेत्र ऑपरेशन के लिए किया। बड़ी संख्या में मरीजों के गले की भी जांच की गई। प्रसिद्ध समाजसेवी स्वर्गीय राधाकिशन मित्तल एवं स्वर्गीय रलिया देवी मित्तल की पुण्य स्मृति में उनके सुपुत्र बुद्धकिशोर मित्तल के परिवार द्वारा शिविर लगवाया। रलिया देवी मित्तल ने नारी सशक्तिकरण के लिए जीवनभर अलख जगाई और अनेक उपायों के माध्यम से गरीब परिवारों की मदद की। शिविर श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर में सुबह नौ बजे से दोपहर एक बजे तक चला। शिविर में आयोजक बुद्धकिशोर मित्तल, राजकुमार गर्ग (परिवार सहित), प्रसिद्ध समाजसेवी रामदेव तायल, मनीष मित्तल, ज्ञानीराम मित्तल, रितेश मित्तल आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

98 हजार 438 मरीजों को स्वास्थ्य सेवाओं का दिया लाभः सिविल सर्जन

भिवानी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में जिला के नागरिकों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। चौ. बंसीलाल राजकीय अस्पताल में गत माह सितंबर में विभिन्न चिकित्सा सेवाओं का 98 हजार 438 मरीजों ने लाभ उठाया। इनमें ओपीडी, आईपीडी तथा नए एवं पुराने मरीज शामिल हैं। इसके अलावा प्रयोगशाला में गत माह के दौरान कुल 11 लाख 21 हजार 738 टेस्ट किए गए। यह जानकारी सिविल सर्जन डॉ. रघुवीर शांडिल्य ने दी।

आज कलश यात्रा से शुरू होगी भागवत कथा

भिवानी। छोटी कांशी भिवानी में शक्ति स्वरूपा मां भगवती की आराधना के महापर्व श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा एवं यज्ञ पूजा महोत्सव की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसी कड़ी में बुधवार को ब्रह्मा कॉलोनी, रूद्रा कॉलोनी, शास्त्री नगर सहित जीतूवाला जोहड़ में आयोजक समिति द्वारा निमंत्रण अभियान चलाया। महिला मंडली की सदस्यों ने घर-घर जाकर नागरिकों को पीले चावल व आमंत्रण पत्र देकर 23 अक्तूबर को कलश यात्रा से शुरू होने वाली कथा के लिए आमंत्रित किया। श्रद्धालु रमेश शर्मा पिंटू ने बताया कि दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में आध्यात्मिक अनुष्ठान सिद्धपीठ काली मंदिर की समस्त महिला मंडली द्वारा आयोजित किया जा रहा है। आयोजकों ने कहा कि किसी भी धार्मिक अनुष्ठान की पूर्णता मातृशक्ति की उपस्थिति और आस्था से ही संभव होती है, इसलिए सभी माताएं और बहनें पारंपरिक वेशभूषा में मंगल कलश और नारियल लेकर पहुंचें।

योग प्रशिक्षण का पहला बैच शुरू

चरखी दादरी। हरियाणा योग आयोग के मार्गदर्शन तथा निदेशालय स्कूल शिक्षा हरियाणा के दिशा-निर्देशों के तहत जिला शिक्षा कार्यालय एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) बिरहीकलां के सौजन्य से पीएमश्री राजकीय कन्या वमा विद्यालय चरखी दादरी में योग प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले बैच का शुभारंभ हुआ। प्रथम प्रातःकालीन सत्र की शुरुआत डीईओ एवं डाइट प्राचार्य धर्मेन्द्र चौधरी के प्रेरक उद्बोधन के साथ हुई।

नेताजी सुभाषचंद्र बोस और आजाद हिंद फौज के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



नेताजी सुभाषचंद्र बोस युवा जागृति सेवा समिति की ओर से डीसी कॉलोनी में आजाद हिंद फौज (भारतीय राष्ट्रीय सेना) का स्थापना दिवस एवं पुलिस शहीद स्मृति दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया। इस अवसर पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी, आजाद हिंद फौज के वीर शहीदों तथा देश की सुरक्षा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले पुलिस जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति अवार्डी अशोक कुमार भारद्वाज ने कहा कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस का जीवन साहस, त्याग, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की अद्वितीय मिसाल है, उनका ओजस्वी व्यक्तित्व आज भी देश के युवाओं को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करता है। भारद्वाज ने कहा कि डीसी कॉलोनी में स्थापित नेताजी की प्रतिमा के सम्मान और देखभाल के लिए क्षेत्र के लोगों को आगे आना चाहिए। शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी, जब हम उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देंगे।

'अदृश्य ब्रेकर' बने जानलेवा, सफेद पट्टी न होने से रोज हो रहे हादसे

- पूर्व मंत्री ठाकुर बीर सिंह की 102वीं जयंती की तैयारियां तेज, ग्रामीणों को दिया न्योता

दीपक कुमार डुमड़ा ▶▶ बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा शहर की सड़कों पर बने स्पीड ब्रेकर आम जनता के लिए मुसीबत बन गए हैं। ब्रेकरों पर सफेद रिफ्लेक्टिव पट्टी और चेतावनी बोर्ड न होने के कारण दिन में तो फिर भी ठीक है, लेकिन रात होते ही ये अदृश्य ब्रेकर हादसों को दावत दे रहे हैं। स्थानीय निवासियों में दयानंद, राकेश, राहुल, रमेश आदि ने बताया कि पिछले काफी समय से हांसी-भिवानी बिचला मार्ग पर ब्रेकरों पर सफेद रिफ्लेक्टिव पट्टी, चेतावनी बोर्ड न होने से आए दिन एक्सीडेंट होते हैं जिसके बारे प्रषासन को भी कई बार चेताया गया है। बारिश और कोहरे में तो ब्रेकर बिल्कुल नहीं दिखता। इसी वजह से बाइक सवार गिर रहे हैं और पीछे से आने वाले वाहन टक्कर मार देते हैं।

आए दिन होते हैं हादसे

बवानीखेड़ा के बिचला मार्ग पर पुराना कमेटी कार्यालय के सामने, शहीद गुलाब सिंह पार्क के सामने, एक्सिस बैंक के सामने सहित इसी मार्ग पर आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर बनाए गए ब्रेकरों का यही हाल है। एकाध को छोड़कर किसी पर भी रिफ्लेक्टिव पट्टी और चेतावनी बोर्ड न होने के कारण अनेक वाहन चालक एक्सीडेंट का शिकार हो चुके हैं व अस्पताल में दाखिल हो चुके हैं। यदि ब्रेकरों पर सफेद रिफ्लेक्टिव पट्टी और चेतावनी बोर्ड हो तो वाहन चालकों को दूर से इसका पता चल जाता है जिससे वे वाहन की स्पीड को कंट्रोल में कर सकते हैं। कुछ दिन पहले प्रेम नगर में भी एक्सीडेंट का यही कारण बताया जाता है जिससे कई घरों के चिराग बूझ गए। धुंध के दौरान तो स्थित और भी विकट हो जाती है। पीडब्ल्यूडी बीएंडआर के कनिष्ठ अभियंता असलम ने बताया कि कुछ लोगों ने स्वयं बनाए हुए हैं, एकाध उपायुक्त के आदेश पर बनाया गया है। वहीं उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी उनके जिला स्तर पर अधिकारी दे सकते हैं उन्हें जानकारी देने के आदेश नहीं है।



चरखीदादरी। क्लब के पदक विजेता खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

ताइक्वांडो में रहमत ने जीता रजत पदक

चरखी दादरी। ट्रिनिटी ताइक्वांडो क्लब के खिलाड़ियों ने अंबाला में आयोजित 38वीं हरियाणा स्टेट जूनियर बॉयज एंड गर्ल्स ताइक्वांडो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में क्लब के खिलाड़ियों ने एक रजत और दो कांस्य पदक हासिल किए। इसके साथ ही रहमत का राष्ट्रीय स्तर पर ट्रायल के लिए चयन हुआ है। क्लब के कोच कृष्ण कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में रहमत ने रजत पदक जीतकर अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर रहमत का नेशनल ट्रायल के लिए चयन हुआ है। यह उपलब्धि क्लब के साथ-साथ दादरी जिले के लिए भी गर्व का विषय है। वहीं, क्लब के खिलाड़ी दीपांशु और दिशिका ने कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा साबित की। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में क्लब के अन्य खिलाड़ियों सनाया, उर्वशी, अंश, धीरज, पराग और अंशुमान सहित कई खिलाड़ियों ने भी भाग लिया। कोच कृष्ण कुमार ने पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता नियमित अभ्यास, अनुशासन का परिणाम है।

जलभराव से प्रभावित स्कूलों की स्थिति में सुधार किया जाएः डीसी

भिवानी। डीसी साहिल गुप्ता की अध्यक्षता में लघु सचिवालय परिसर में शिक्षा विभाग के अधिकारियों की एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीसी गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून का मौसम आने में अभी काफी समय है, ऐसे में बारिश के दौरान जल भराव से प्रभावित या संभावित जलभराव स्कूलों में उचित प्रबंध करें ताकि मानसून के दौरान स्कूल परिसरों में जलभराव की स्थिति ना बनें। बैठक के दौरान एडीसी दीपक बाबू लाल करवा व नगराधीश अनिल कुमार भी मौजूद रहे। डीसी ने अधिकारियों को संयुक्त टीम बनाकर स्कूलों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

25 को होने वाले समारोह का दिया न्योता



भिवानी। भिवानी में पूर्व वित्त एवं सहकारिता मंत्री ठाकुर बीर सिंह की 102वीं जयंती को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। 25 अक्टूबर को कुंतला गार्डन में आयोजित होने वाले जयंती समारोह के संबंध में निमंत्रण अभियान की शुरुआत हो चुकी है। इसी कड़ी में उनके पुत्र एवं भाजपा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष ठाकुर विक्रम सिंह ने मंगलवार को श्यामपुर, जड़वा, सोहदी, नवन, डिगड़ोटा, ढ़ाणा, नंगला, जवाहर नगर, सतनाली सहित गांवों का दौरा कर ग्रामीणों को समारोह में शामिल होने का न्योता दिया। इस दौरान उनके साथ मा. राय सिंह जड़वा, सवाई सिंह राठौड़ सतनाली, अधिवक्ता पवन शेखावत, मा. उदयवीर सिंह, विशाल जीत सिंह, ओमपाल सिंह, रमेश भी रहे। गांवों में जनसंपर्क अभियान के दौरान ठाकुर विक्रम सिंह ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि 25 अक्तूबर को शकुंतला गार्डन में आयोजित होने वाला यह समारोह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि स्व. ठाकुर बीर सिंह के सिद्धांतों, उनके सार्वजनिक योगदान और क्षेत्र के प्रति उनकी अतुलनीय सेवाओं को नमन करने का अवसर है। उन्होंने अपना पूरा जीवन जनता की सेवा और इलाके के विकास के लिए समर्पित कर दिया था। इस अवसर पर रतन सिंह, भूपेंद्र, भवानी सिंह, शेर सिंह, देवी सिंह, किशोर सिंह, कृष्ण सिंह, सरपंच रणबीर सिंह, अशोक सिंह, हनुमान सिंह, पिंकू शेखावत, नरेंद्र बीडीसी, राजवीर सिंह, महिपाल सिंह सरपंच आदि मौजूद रहे।

प्रदेश में दो वर्ष में हुए विकास कार्य का श्वेत पत्र जारी करे सरकार : तंवर

कांग्रेस ने भाजपा सरकार से 2 लाख नौकरियों का मांगा हिसाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। पत्रकारों से बातचीत करते कांग्रेस के वरिष्ठ नेता। फोटो : हरिभूमि

जैन चौक स्थित तिलक भवन में बुधवार को आयोजित पत्रकार वार्ता के कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने नायब सैनी सरकार के दो साल के कार्यकाल को पूरी तरह विफल, कुशासन और वादाखिलाफी से भरा करार दिया है। पत्रकार वार्ता को कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद डॉ. अशोक तंवर ने संबोधित करते हुए सरकार को हर मोर्चे पर घेरते हुए जनता के साथ धोखाधड़ी करने के तीखे आरोप लगाए।

पत्रकार वार्ता में डा. अशोक तंवर ने भाजपा के 2024 के चुनावी संकल्प पत्र के वादों की पोल खोलते हुए कहा कि सरकार ने चुनाव के समय युवाओं को दो लाख पक्की सरकारी नौकरियां देने का बड़ा वादा किया था। परंतु आज धरातल पर भर्तियों का बेहद बुरा हाल है और पूरे प्रदेश में पेपर लीक का बोलबाला है। बिना पर्ची और बिना खर्ची के लंबे-चौड़े दावे करने वाली यह सरकार पूरी तरह से बेनकाब हो चुकी है। महिला कल्याण और अन्य बुनियादी योजनाओं पर बोलते हुए डा. तंवर ने लाडो लक्ष्मी योजना का जिक्र किया और कहा कि महिलाओं को हर महीने 2100 रुपये देने का वादा कर चुनावों में वोट तो हासिल कर लिए गए, लेकिन अब तरह-तरह की जटिल शर्तें और पात्रता नियम थोपकर लाभार्थियों को इस योजना से बाहर किया जा रहा है।

पढ़ा-लिखा युवा भटक रहा रोजगार के लिए

इस मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) अभिरूद्ध चौधरी और कांग्रेस जिला अध्यक्ष (शहरी) प्रदीप गुलिया जोगी ने कहा कि आज प्रदेश का पढ़ा-लिखा युवा रोजगार के लिए दर-दर भटक रहा है और सरकार झूठे आंकड़ों से युवाओं को गुमराह कर रही है। उन्होंने एक स्वर में ऐलान किया कि प्रदेश का हर वर्ग चाहे वह किसान हो, मजदूर हो, युवा हो, महिलाएं हों या छोटा व्यापारी खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। कांग्रेस पार्टी जनता के इन सभी ज्वलंत मुद्दों और अधिकारों की लड़ाई को चुपचाप बैठने वाली नहीं है। कांग्रेस पार्टी इन जनविरोधी नीतियों के खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक पूरी ताकत और मजबूती के साथ आवाज उठाएगी और सरकार को उसकी नाकामियों का जवाब देने के लिए विवश कर देगी। इस मौके पर पूर्व विधायक डा. शिवशंकर भारद्वाज सहित अन्य मौजूद रहे।

किरावड़ स्कूल में किया पौधरोपण



बवानी खेड़ा। राजकीय वमावि रतेरा और पीएम श्री वमावि किरावड़ में लिपिक बलवान सिंह के स्वर्गीय पिता करतार सिंह की पुण्यतिथि पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बलवान सिंह की माता शीला देवी ने अपने कर-कमलों से पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में परिवार के सदस्यों और दोनों विद्यालयों के स्टाफ ने भाग लिया। पौधरोपण के दौरान विद्यालय परिसरों में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। उपस्थित सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर जोर देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल का संकल्प लिया। इस अवसर पर कहा गया कि पौधे न केवल पर्यावरण को स्वच्छ रखने में सहायक हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को बेहतर वातावरण प्रदान करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में बलवान सिंह, लिपिक, सत्यवान सिंह और सुभाष चंद्र सहित परिवार के सदस्य मौजूद रहे। पौत्रों में विकास टांक, आकाश टांक, निखिल टांक, साहिल टांक, अंकुश टांक और शेखर टांक तथा पौत्रियों में एडवोकेट मधु, निशा, मानसी, मीनाक्षी और मुस्कान ने भी भाग लिया।

ग्राम पंचायत कितलाना
ब्लाक भिवानी।
नीलामी सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कितलाना ब्लॉक भिवानी जिला भिवानी एस.सी. चौपाल में निकले लकड़ी व लोहे के कबाड़ की खुली बोली दिनांक 27.10.26 को समय सुबह 11 बजे एस.सी. चौपाल में की जाएगी। बोलीदाता को बोली लगाने के लिए जमानत राशि 20,000 रुपये मौका पर जमा करवाने होंगे। अन्य शर्तें बोली पर ही सुनाई जाएगी।
हस्ता/- ललिता देवी, सरपंच
ग्राम पंचायत कितलाना, जिला भिवानी
मो. 9466489487

न्यूज डायरी

संघ ने विजयादशमी महोत्सव मनाया

बहल। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से कृष्ण वाटिका में विजयादशमी महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मनोज अग्रवाल उपस्थित रहे, जबकि सामाजिक कार्यकर्ता कर्ण सिंह ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार रखे। इस दौरान विजयादशमी के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व, संघ की स्थापना के उद्देश्य, राष्ट्र निर्माण में योगदान और समाज के प्रति स्वयंसेवकों के दायित्वों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में शस्त्र पूजन एवं संचलन भी हुआ। मुख्य वक्ता कर्ण सिंह ने अपने बौद्धिक में कहा कि विजयादशमी असत्य पर सत्य, अधर्म पर धर्म और अन्याय पर न्याय की विजय का प्रतीक है। यह पर्व समाज में साहस, अनुशासन, एकता और राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका है। स्वयंसेवकों को समाजहित में कार्य करते हुए सेवा, समर्पण और अनुशासन के मूल्यों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए बताए गए 'पंच परिवर्तन' के विषयों पर भी विस्तार से विचार रखे।

बिजली पैंशनर्ज वेलफेयर एसो. की बैठक 18 को

भिवानी। हरियाणा बिजली पैंशनर्ज वेलफेयर एसोसिएशन युनिट भिवानी की एक विशेष बैठक एसोसिएशन के प्रधान बाल मुकन्द बापोड़ा की अध्यक्षता में एसोसिएशन के 18 नवम्बर को आयोजित होने वाले वार्षिक सम्मान समारोह की रूपरेखा तैयार करने और साथियों की ड्यूटिया लगाने के लिए कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक का संचालन महासचिव आरके चावला ने किया।

एसोसिएशन के प्रधान बालमुकन्द बापोड़ा ने साथियों की ड्यूटियां लगाई और सम्मान समारोह को सफल बनाने की अपील की। बैठक को कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारी सूरजमल लेंघा की उपस्थिति में कर्मचारी एवं इंजिनियर्स की प्रस्तावित तीन दिवसीय हड़ताल को समर्थन दिया गया। इस अवसर पर बी.डी.भारद्वाज, फतेह सिंह श्योराण, रामोतार शर्मा, ओमबीर सिंह, सतबीर सिंह, के.के.सनेजा, हजारी लाल, प्रभाती, कपूरसिंह व भारत भूषण आदि मौजूद थे।

पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद जवानों को पुष्पचक्र अर्पित कर दी श्रद्धांजलि



चरखी दादरी। पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर बुधवार को पुलिस लाइन दादरी में शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी। पुलिस अधीक्षक लोगेश कुमार पी के नेतृत्व में पुलिस अधिकारियों और जवानों ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र एवं श्रद्धा-सुमन अर्पित कर देश की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के दौरान प्राण न्योछावर करने वाले वीर जवानों के सर्वोच्च बलिदान को नमन किया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में डीएसपी धीरज कुमार, डीएसपी कप्तान सिंह, डीएसपी साहिल ढिल्लों सहित जिले के सभी थाना प्रबंधक, पुलिस चौकी प्रभारी, कार्यालय शाखा प्रभारी, अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

बवानीखेड़ा के पुर मार्ग पर बिजली व सफाई व्यवस्था की उठी मांग, नपा को जल्द सौंपेंगे मांगपत्र

बवानीखेड़ा। बवानीखेड़ा के पुर मार्ग पर बिजली व सफाई व्यवस्था शुरू करवाने को लेकर लोगों ने प्रषासन से अपील की। वहां के निवासियों व दुकानदारों में नरेन्द्र, सुरेन्द्र, संजय, सुषील आदि ने बताया कि पिछले काफी समय से उनके एरिया में व्यवस्था नहीं है। जबकि गृहकर में नगर पालिका द्वारा कर जोड़कर गृहकर वितरित किए जा रहे हैं। नपा प्रशासन को इसकी सुध लेनी चाहिए और सफाई व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। रात्रि के समय बिजली न होने पर चोरियों के साथ साथ एक्सीडेंट होने का भी भय बना रहता है। वहीं लोगों ने बताया कि वे जल्द ही प्रशासन से मिलकर मांग पत्र सौंपेंगे ताकि उनकी समस्या का समाधान हो सके।

उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को मिलेंगे राज्य स्तरीय पुरस्कार, 5 नवंबर तक करें आवेदन

चरखी दादरी। हरियाणा सरकार की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को राज्य स्तरीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए पात्र महिलाएं पांच नवंबर 2026 तक विभागीय ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकती हैं। पुरस्कारों के तहत चयनित महिलाओं को नकद राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग की अधिसूचना के अनुसार विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार दिए जाएंगे। सुषमा स्वराज पुरस्कार के तहत पांच लाख रुपये और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार के लिए एक लाख 50 हजार रुपये व प्रशस्ति पत्र निर्धारित किए गए हैं। इसी प्रकार कल्पना चावला शौर्य पुरस्कार और बहन शन्नो देवी पंचायती राज पुरस्कार के तहत एक-एक लाख रुपये व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि लाइफ टाइम अचीवर्स अवार्ड के तहत चयनित महिला को 51 हजार रुपये और प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा।

रद्द पंजीकरण बहाली को शिविर में उमड़े मजदूर

बाढड़ा। भवन निर्माण कामगार यूनियन सीटू की अपील पर बाढड़ा स्थित बीडीपीओ कार्यालय में रद्द पंजीकरण बहाल करवाने के लिए आयोजित शिविर में सैकड़ों मजदूर अपने जरूरी दस्तावेज जमा करवाने पहुंचे। शिविर में श्रम कल्याण बोर्ड के अधिकारी अंकित सांगवान ने मौके पर पहुंचकर मजदूरों के दस्तावेज एकत्रित करवाए ताकि उनके रद्द हुए पंजीकरण बहाल हो सकें और उन्हें निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। सीटू के जिला संयोजक सुमेर सिंह धारणी और पूर्व सचिव मनोहर आलमपुर ने कहा कि भवन निर्माण मजदूरों के श्रम कल्याण बोर्ड में करीब 9 करोड़ रुपये जमा होने के बावजूद मजदूरों को अपने हक और सुविधाएं हासिल करने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि प्रदेशभर में लाखों निर्माण मजदूरों के पंजीकरण रद्द होने के कारण वे सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि निर्माण मजदूर दिन-रात मेहनत करके अपने परिवारों का पालन-पोषण करते हैं और प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। इसके बावजूद उन्हें अपने ही अधिकारों को हासिल करने के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295154800, 8814999151, 9253681005, 8295157800

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2000/- रु. 2500/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

बिजली कर्मचारियों की तीन दिन की पूर्ण हड़ताल आज से

एचईआरसी के आदेशों की प्रतियां फूंक इलेवन पावर को लाइसेंस देने का जताया विरोध

- निजीकरण के खिलाफ संयुक्त संघर्ष मोर्चा का ऐलान : 24 अक्टूबर को बताएंगे आंदोलन की अगली रणनीति
- ऊर्जा क्षेत्र को निजी हाथों में सौंपने की साजिश, अधिकार मांगे नहीं संघर्ष से लिए जाते हैं : सांझा मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



भिवानी। निजीकरण की प्रतियों को फूंकते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा सरकार और हरियाणा बिजली विनियामक आयोग (एचईआरसी) द्वारा गुरुग्राम तथा नूंह जिलों में निजी कंपनी इलेवन पावर को 25 वर्षों के लिए समानांतर बिजली वितरण लाइसेंस दिए जाने के निर्णय के बाद प्रदेश भर के बिजली कर्मचारियों, इंजीनियरों, किसानों और आम उपभोक्ताओं में भारी रोष व्याप्त हो गया है। हरियाणा बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर संयुक्त संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में बुधवार को भिवानी में कर्मचारियों ने जोरदार प्रदर्शन किया तथा एचईआरसी द्वारा जारी आदेशों की प्रतियां जलाकर अपनी नाराजगी व्यक्त की। कर्मचारियों ने इस निर्णय को प्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र को निजी हाथों में सौंपने की साजिश करार देते हुए आर-पार की जंग का बिगुल फूंक दिया है। इसके साथ ही संघर्ष मोर्चा ने 22, 23 एवं 24 अक्टूबर को पूरे प्रदेश में तीन दिवसीय पूर्ण हड़ताल का ऐलान किया है। नेताओं का कहना है कि 24 अक्टूबर को हड़ताल के अंतिम दिन आगामी आंदोलन की भावी रणनीति की घोषणा की जाएगी। सांझा मोर्चा के वरिष्ठ नेता धर्मबीर सिंह भाटी, सूरजमल लेघा, अशोक गोयत, मनोज बल्लू बामला, परमानंद, धीरज, पवन धनाना, यशदीप दलाल, संजू कौशिक, विजेंद्र गिल, सुखवीर, रविंद्र दिनोद, मुकेश रानी, कांता, मीनू, सुषमा, संजय, ललित, राजेश सांगवान झरवाई, अशोक साहनी, प्रदीप रंगा, बिजेंद्र बराड़, श्रवण, अनिल, दिनेश शर्मा सहित अन्य नेताओं ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह समय चुप रहने का नहीं बल्कि सडक़ पर उतरकर अपने अधिकारों और वजूद की लड़ाई लड़ने का है।

अधिकारों की अनदेखी नहीं होगी सहन

कर्मचारी नेताओं ने आगे कहा कि अब पानी सिर से ऊपर निकल चुका है और अधिकारों की लगातार हो रही अनदेखी को सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब कलम उठाने वाले हाथ एकजुट होकर आवाज उठाते हैं, तो पूरी व्यवस्था को झुकना पड़ता है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अधिकार मांगे नहीं जाते बल्कि संघर्ष के बल पर लिए जाते हैं। यदि आज कर्मचारी शांत रहे तो आने वाले समय में फिर से छले जाएंगे। बिजली निजीकरण के खिलाफ भिवानी से उठी यह विरोध की ज्वाला अब पूरे प्रदेश में आंदोलन का रूप ले चुकी है। आगामी तीन दिनों की हड़ताल से राज्य में बिजली सेवाओं पर गहरा असर पडऩे की संभावना जताई जा रही है। कर्मचारी संगठनों ने एक स्वर में चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इलेवन पावर कंपनी को दिया गया यह लाइसेंस तुरंत रद्द नहीं किया और निजीकरण का फैसला वापस नहीं लिया, तो यह आंदोलन और भी उग्र रूप धारण करेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी हरियाणा सरकार और प्रशासन की होगी।

बिजली कंपनियों को लाइसेंस देने के फैसले का जताया विरोध

- बिजली निजीकरण प्रक्रिया के विरोध में कर्मचारियों, किसान संगठनों ने बिल की प्रतियां फूंकी



बाढड़ा। प्रदेश सरकार के बिजली विभाग द्वारा गुरुग्राम, नूंह जिलों की बिजली आपूर्ति सिस्टम को निजि कंपनी को देने के विरोध में आज बिजली कर्मियों सहित किसान संगठनों के पदाधिकारियों ने रोष प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कर्मचारियों ने निजि कंपनी व सरकार के बीच हुए करार बिल की प्रतियां फूंक कर इसका पुरजोर विरोध करने का एलान किया। हरियाणा बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर बुधवार को कस्बे के जुई रोड़ स्थित उपमंडल बिजली कार्यालय परिसर में एएचपीसी वर्कर यूनियन के प्रतिनिधि सुभाष, एमएसईआर के प्रवीण तथा अनुविदित कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि सुदर्शन पाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सरकार की रणनीति का मुखर विरोध करने की घोषणा करते हुए बिजली कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने आगामी तीन दिवसीय हड़ताल की तैयारियों को लेकर बैठक की और निजीकरण के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया। बैठक का संचालन यूनियन के कैशियर प्रवींद्र भांडवा ने किया।

जनस्वास्थ्य विभाग के एक्सएन के खिलाफ कर्मचारियों में रोष



भिवानी। सिवानी में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता द्वारा कर्मचारियों की मांगों पर सुनवाई के लिए बार-बार मीटिंग का समय देकर अंतिम समय पर रद्द किए जाने के विरोध में कर्मचारियों का गुस्सा फूट पड़ा है। इस मामले को लेकर हरियाणा गर्वनमेंट पी.डब्ल्यू.डी. मैकेनिकल वर्कर यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा शाखा सिवानी के बैनर तले 27 अक्टूबर को विभाग के कार्यकारी अभियंता कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय विशाल धरना-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में राज्य सह सचिव संदीप सौरखी, जिला सचिव सोमबीर पालवास और ब्रांच प्रधान तेजवीर ने संयुक्त बयान जारी करते हुए विभाग और प्रशासन के ढुलमुल रवैया की कड़ी निंदा की है।

अन्नदाताओं ने सरकारी आदेश की प्रतियां व सरकार का पुतला फूंका



भिवानी। हरियाणा सरकार द्वारा बिजली वितरण व्यवस्था को निजी हाथों में सौंपने की तैयारियों के विरोध में बुधवार को किसानों का गुस्सा फूट पड़ा है। हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग (एचईआरसी) द्वारा गुरुग्राम और नूंह जिलों में बिजली वितरण का लाइसेंस निजी कंपनी इलेवन पावर प्राइवेट लिमिटेड को जारी करने के प्रस्ताव का नोटिस सामने आते ही ग्रामीण इलाकों में तीखा विरोध शुरू हो गया है। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के आह्वान पर गांव पहाड़ी में सैकड़ों किसानों ने जोरदार प्रदर्शन किया और जिला अध्यक्ष राकेश आर्य निमड़ीवाली के नेतृत्व में सरकारी आदेश की प्रतियां व हरियाणा सरकार का पुतला फूंककर रोष जताया।

बाबा ठाड़ेश्री महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में अलखपुरा टीम विजेता, चरखी उपविजेता



चरखी दादरी। गांव चरखी में चरखी फुटबॉल क्लब के तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय बाबा ठाड़ेश्री ओपन महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन हो गया। प्रतियोगिता में उत्तर भारत के विभिन्न राज्यों की 16 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबले में अलखपुरा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता ट्रॉफी अपने नाम की, जबकि मेजबान चरखी फुटबॉल क्लब की टीम उपविजेता रही। समापन समारोह में कादयान माइनिंग कंपनी के कुनाल सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विजेता और उपविजेता टीमों की खिलाड़ियों को पुरस्कार व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता सीमा सांगवान ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत कर महिला खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। फुटबॉल प्रशिक्षक विश्वजीत चौधरी ने बताया कि प्रतियोगिता आयोजित करने का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की महिला फुटबॉल प्रतिभाओं को बेहतर मंच प्रदान करना है। ऐसे आयोजनों से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है और वे राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित होती हैं। समापन अवसर पर सांगवान खाप के प्रधान सोमबीर सांगवान, जिला पार्षद रविन्द्र सांगवान, कन्नी प्रधान मा. ताराचंद, सरपंच भूपेन्द्र सांगवान और डेरा कमेटी के सदस्य मौजूद रहे। इनके अलावा अनिल कुमार, मनकावास के पूर्व सरपंच बब्नी, दिलबाग और कुलदीप प्रधान सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोगों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

वार्ड-14 में 28 लाख रुपये की लागत से बनी सड़क का किया शुभारंभ

- नगर परिषद चेयरमैन बख्शीराम सैनी ने नारियल फोड़कर किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी



चरखी दादरी। वार्ड में गली का शुभारंभ करते नप चेयरमैन बख्शीराम सैनी व अन्य।

दादरी नगर परिषद चेयरमैन बख्शीराम सैनी ने कहा कि सड़कें किसी भी देश और प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। शहरों, कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने वाले सड़क मार्ग आवागमन को सुगम बनाने के साथ विकास की गति को भी बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय राजमार्गों के विकास पर काम कर रही है। वहीं, हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में सड़क संपर्क मजबूत करने के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। चेयरमैन बख्शीराम सैनी दादरी के वार्ड 14 में नवनिर्मित सड़क का उद्घाटन करने के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे।

28 लाख से करवाया निर्माण

सड़क का निर्माण करीब 28 लाख रुपये की लागत से करवाया गया है। उन्होंने कहा कि नगर के पुराने क्षेत्रों, विभिन्न वार्डों और बाजारों में नागरिकों की सुविधा तथा लंबे समय से चली आ रही मांगों को ध्यान में रखते हुए सड़क निर्माण के कार्य करवाए जा रहे हैं। इन कार्यों के तहत सीमेंटेड सड़कों के साथ टाइलों से बनने वाले मार्ग भी तैयार किए जा रहे हैं, ताकि लोगों को आवागमन में सुविधा मिले। इस अवसर पर नगर पार्षद सत्यवीर चौहान, प्रोफेसर अनिल सांगवान, मास्टर संजीव ढिल्लों, एडवोकेट विशाल सांगवान, राहुल स्वामी, राजेश कुमार, कर्मबीर सिंह, राज कुमार, सुरजीत डाला, बिजेंद्र सैनी व दीपक चौहान आदि उपस्थित रहे।

वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान के तहत होंगे कार्यक्रम

चरखी दादरी। जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान के तहत 22 और 24 अक्टूबर को जिले में रोष प्रदर्शन एवं जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान की जिला प्रभारी एवं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस सेवादल की अध्यक्ष डॉ. पूनम चौहान विभिन्न कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। वहीं 22 अक्टूबर को सुबह 10:30 बजे चरखी दादरी में रोज गार्डन से से परशुराम चौक तक रोष प्रदर्शन किया जाएगा। 24 अक्टूबर को सुबह 10 बजे बौंद कलां बस स्टैंड के पास महाजन धर्मशाला में कार्यक्रम आयोजित होगा।

बाल महोत्सव का रंगारंग आगाज, 300 से अधिक बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

- उपायुक्त ने किया शुभारंभ, 24 अक्टूबर तक होंगी प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी



चरखी दादरी। विद्यार्थियों द्वारा तैयार कलाकृतियों का अवलोकन करतीं उपायुक्त मनदीप कौर।

नवनिर्मित बाल भवन परिसर के सभागार में बुधवार को जिला स्तरीय बाल महोत्सव का रंगारंग शुभारंभ हुआ। उपायुक्त एवं जिला बाल कल्याण परिषद की अध्यक्ष मनदीप कौर ने महोत्सव का विधिवत उद्घाटन किया। पहले दिन विभिन्न स्कूलों के 300 से अधिक विद्यार्थियों ने कला और रचनात्मकता से जुड़ी प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। महोत्सव के दौरान उपायुक्त ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए चित्रों, पोस्टर, कार्ड सहित अन्य कलाकृतियों का अवलोकन किया और बच्चों के प्रयासों की सराहना की।

उपायुक्त ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए ऐसे आयोजन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षा के साथ कला, खेल और नैतिक मूल्यों का विकास भी जरूरी है। बाल महोत्सव बच्चों को अपनी कल्पनाशीलता और रचनात्मक क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करता है।

कालका मसाना दरबार के जागरण में उमड़ी भीड़, शिविर में 16 यूनिट रक्तदान



चरखी दादरी। शिविर में रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते आयोजक।

चरखी दादरी। स्थानीय झज्जर घाटी स्थित आदर्श धर्मशाला पंजाबी सभा में कालका मसाना दरबार की ओर से मां दुर्गा महाजागरण, यज्ञ, रक्तदान शिविर और विशाल भंडारे का आयोजन श्रद्धा व उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 नरेश पुरी ने शिरकत की, जबकि महामंडलेश्वर साध्वी नव्या का पावन सानिध्य रहा। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर परिवार और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। आयोजन के दौरान कृष्णा ब्लड बैंक से डॉ. रमन, राहुल भिवानी और मंजीत की टीम ने रक्तदान शिविर में 16 यूनिट रक्त एकत्रित किया। रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। वहीं, विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। यज्ञ के माध्यम से लोक कल्याण की कामना की गई और 21 कन्याओं को भोजन करवाया। आयोजक एवं संयोजक जितेंद्र सैनी और निर्मला देवी ने बताया कि नवरात्र के दौरान मां दुर्गा के दरबार में अखंड ज्योत प्रज्वलित की गई थी।

चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय द्वारा महिला महाविद्यालय झोझुकला में होने वाले युवा समारोह में दी जाने वाली सभी प्रस्तुतियों का पूर्वालोकन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के लिए सही प्रशिक्षण एवं प्लेटफार्म के साथ प्रोत्साहन और बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। सांस्कृतिक गतिविधियाँ विद्यार्थियों के व्यक्तिगत विकास एवं प्रतिभा निखारने में सहायक का काम करती हैं यह बात स्थानीय वैश्य महाविद्यालय भिवानी के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में आयोजित चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय द्वारा महिला महाविद्यालय झोझुकला में होने वाले युवा समारोह में दी जाने वाली सभी प्रस्तुतियों का पूर्वालोकन कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के प्रधान एडवोकेट शिवरत्न गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहीं।उन्होनें कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियाँ हमें आपसी प्रेमभाव और एकता का संदेश देती हैं उन्होनें कहा

वैश्य महाविद्यालय भिवानी के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में किया

सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों के व्यक्तिगत विकास एवं प्रतिभा निखारने में सहायक : शिवरतन



भिवानी। कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुती देती प्रतिभागी।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में ये हुए कार्यक्रम

महाविद्यालय के विद्यार्थी कलाकारों ने महाविद्यालय के पूर्व छात्र यश केजरीवाल द्वारा तैयार करवाया गया गिरीश कर्नाड के प्रथम हिंदी नाटक ययाती की बेहतरीन प्रस्तुति दी। नाटक के माध्यम से कलाकारों ने वासना पर काबू रखने की सीख दी। हरियाणवी स्किट के माध्यम से समाज रिश्तों की संजीदगी को प्रस्तुत करते हुए दिखाया की आज रिश्तो की कद्र कितनी आवश्यक है प्रश्न के माध्यम से यह बताया गया कि सच्चे रिश्ते कितने आवश्यक हैं।

इन्होने दी प्रस्तुती

दीपांशु, शिवम, निशांत, इशिका, दीपिका, खुशी, कीर्ति, कृतिका, तान्या, दीक्षा, आरुषि, मोक्ष, विनीता एवं अंजलि ने हरियाणवी गीत 'चाल पड़ी पाणी लेवण नय मय' पर बेहतरीन डांस की प्रस्तुति दी। छात्र अंकित ने मिमिक्री के माध्यम से पशु पक्षियों, कलाकारों एवं अन्य वाद्य यंत्रों की आवाज निकाल कर सभी को हंसने के लिए मजबूर कर दिया। हिंदी काव्य पाठ मे छात्र यश ने कविता 'में चढ़ते सूरज को लोग जल देंगे', छात्र हरपाल ने पंजाबी कविता 'वाव मेरे मौला तेरे कैसे रंग न्यारे', छात्रा चांदनी ने अंग्रेजी कविता पर,छात्र यश ने उर्दू कविता 'दूसरा फैसला नहीं होता,इश्क में मशविरा नहीं होता, छात्र सिद्धांत ने महाभारत के श्लोक के संस्कृत श्लोकोच्चारण की प्रस्तुति दी।